प्रेषक,

सचिव,
उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज।

सेवा में,

समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक बे0शि0प0/ 15639-961 /2018–19 दिनांक 31-12-2018

**विषय**– उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित विद्यालय एवं मान्यता प्राप्त बेसिक विद्यालयों में वर्ष 2019 में दिये जाने वाले अवकाशों की तालिका के सम्बन्ध में ।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित विद्यालय एवं मान्यता प्राप्त बेसिक विद्यालयों में वर्ष 2019 के लिए अनुमन्य अवकाशों की तालिका संलग्न कर प्रेषित है।

उक्त तालिका के अनुसार विद्यालयों में वर्ष 2019 में दिये जाने वाले अवकाश देय है। इसके अतिरिक्त किसी प्रकार का अवकाश किसी स्तर से कदापि न दिया जाये। कृपया अवकाशावली को मुद्रित कराकर प्रत्येक परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों तथा अन्य परिषदीय विद्यालयों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

संलग्नक– उक्तवत

भवदीया,

श्रीमती(रूबी सिंह)
सचिव,
उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद
प्रयागराज।

पृ0 सं0 बे0शि0प0/ 15639-961 /2018–19 तद्दिनांक

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1– जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला बेसिक शिक्षा समिति, उत्तर प्रदेश।
2– मुख्य नगर अधिकारी नगर निगम एवं नगर पालिका उत्तर प्रदेश।
3– वैयक्तिक सहायक शिक्षा निदेशक (बे0/मा0)इलाहाबाद।
4– अपर शिक्षा निदेशक (बे0/मा0/एस0सी0ई0 आर0टी0)लखनऊ।
5– वित्त नियंत्रक बेसिक शिक्षा परिषद उ0प्र0इलाहाबाद।
6– मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बे0) उत्तर प्रदेश।
7– जिला विद्यालय निरीक्षक,उत्तर प्रदेश।
8– अध्यक्ष प्रा0 शिक्षक/जू0 हा0 स्कूल शिक्षक संघ लखनऊ।

31.12.18
श्रीमती(रूबी सिंह)
सचिव,
उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद
प्रयागराज।

Scanned by CamScanner

## उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय/मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिये अवकाश तालिका वर्ष–2019

| कमांक | अवकाश का नाम | दिनों की संख्या | तिथियां | दिनो के नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गुरू गोविन्द सिंह जन्म दिवस | 1 | 13 जनवरी | रविवार |
| 2 | मकर संक्रान्ति | 1 | 15 जनवरी | मंगलवार |
| 3 | गणतंत्र दिवस | 1 | 26 जनवरी | शनिवार (शिक्षण कार्य स्थगित) |
| 4 | वसंत पंचमी | 1 | 10 फरवरी | रविवार |
| 5 | संत रविदास जयन्ती | 1 | 19 फरवरी | मंगलवार (शिक्षण कार्य स्थगित) |
| 6 | महा शिवरात्रि | 1 | 04 मार्च | सोमवार |
| 7 | होलिका दहन | 1 | 20 मार्च | बुद्धवार |
| 8 | होली/मो0 हजरत अली का जन्म दिवस | 1 | 21 मार्च | गुरूवार |
| 9 | होली | 1 | 22 मार्च | शुक्रवार |
| 10 | राम नवमी | 1 | 13 अप्रैल | शनिवार |
| 11 | डा0 भीम राव अम्बेडकर जन्म दिवस | 1 | 14 अप्रैल | रविवार (शिक्षण कार्य स्थगित) |
| 12 | महावीर जयन्ती | 1 | 17 अप्रैल | बुद्धवार |
| 13 | गुड फ्राइडे | 1 | 19 अप्रैल | शुक्रवार |
| 14 | बुद्ध पूर्णिमा | 1 | 18 मई | शनिवार |
| 15 | ईद उल फितर | 1 | 05 जून | बुद्धवार |
| 16 | इदुज्जुहा (बकरीद) | 1 | 12 अगस्त | सोमवार |
| 17 | स्वतंन्त्रता दिवस/रक्षा बन्धन | 1 | 15 अगस्त | गुरूवार (शिक्षण कार्य स्थगित) |
| 18 | जन्माष्टमी | 1 | 23 अगस्त | शुक्रवार |
| 19 | मोहर्रम | 1 | 10 सितम्बर | मंगलवार |
| 20 | महात्मा गॉधी जन्म दिवस | 1 | 2 अक्टूबर | बुद्धवार,(शिक्षण कार्य स्थगित) |
| 21 | दशहरा (महाअष्टमी) | 1 | 06 अक्टूबर | रविवार |
| 22 | दशहरा, (महानवमी) | 1 | 07 अक्टूबर | सोमवार |
| 23 | दशहरा,( विजयदशमी) | 1 | 08 अक्टूबर | मंगलवार |
| 24 | महर्षि बाल्मीकि जयन्ती | 1 | 13 अक्टूबर | रविवार |
| 25 | चेहल्लुम | 1 | 19 अक्टूबर | शनिवार |
| 26 | नरक चतुर्दशी | 1 | 26 अक्टूबर | शनिवार |
| 27 | दीपावली | 1 | 27 अक्टूबर | रविवार |
| 28 | गोवर्धनपूजा | 1 | 28 अक्टूबर | सोमवार |
| 29 | भैयादूज/चित्रगुप्त जयन्ती | 1 | 29 अक्टूबर | मंगलवार |
| 30 | सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती | 1 | 31 अक्टूबर | गुरूवार (शिक्षण कार्य स्थगित) |
| 31 | छठ पूजा पर्व | 1 | 02 नवम्बर | शनिवार |
| 32 | ईद–ए–मिलाद/बारावफात | 1 | 10 नवम्बर | रविवार |
| 33 | गुरुनानक जयन्ती (कार्तिक पूर्णिमा) / | 1 | 12 नवम्बर | मंगलवार |
| 34 | क्रिसमस | 1 | 25 दिसम्बर | बुद्धवार |

श्रीमती(रूबी सिंह)
सचिव,
उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद
प्रयागराज।

Scanned by CamScanner

# टिप्पणी

1– प्राथमिक / उच्च प्राथमिक विद्यालय हेतु कक्षा 1 से 5 तथा कक्षा 6 से 8 में पढ़ाई के घंटे निम्नवत निर्धारित है :–

| | | |
|---|---|---|
| कक्षाएं | 01 अप्रैल से 30 सितम्बर तक प्रातः 8 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक एवं 01 अक्टूबर से 31 मार्च तक प्रातः 09 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक संचालित होगी। | मध्यावकाश अपरान्ह 10:30 बजे से 11:00 बजे तक एवं मध्यावकाश अपरान्ह 12 बजे से 12:30 बजे तक होगा। |

1– उपर्युक्त अवकाश के अतिरिक्त दो दिन का अवकाश स्थानीय रूप से जिलाधिकारी द्वारा अनुमन्य किया जायेगा। किसी भी दशा में स्थानीय मेलों आदि हेतु अलग से अवकाश स्वीकृत नहीं किया जायेगा। जिलाधिकारी के अतिरिक्त कोई भी अधिकारी /स्थानीय अधिकारी अवकाश स्वीकृत करने के लिये अधिकृत नहीं होगे। यह अवकाश दो दिन से अधिक किसी स्थिति में नहीं बढ़ाया जायेगा।

2– उपर्युत वर्णित अवकाश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में ही अनुमन्य होगे।

3– मुस्लिम त्यौहार चन्द्र दर्शन के अनुसार 1 दिन आगे व पीछे हो सकते है।

4– हरि तालिका तीज अथवा हरियाली तीज ,करवा चौथ, संकठा चतुर्थी एवं हलषष्ठी / ललई छठ, जीउतिया व्रत / अहोई अष्टमी का अवकाश केवल अध्यापिकाओं / बालिकाओं के लिये होगा।

5– ग्रीष्मावकाश 21 मई से प्रारम्भ होकर 30 जून तक होगा।

6– समस्त राष्ट्रीय पर्वो जैसे गणतंत्र दिवस स्वतंन्त्रता दिवस, संतरविदास जन्म दिवस, डा0 भीम राव अम्बेडकर जन्मदिवस , महात्मा गांधी जन्म दिवस तथा सरदार बल्लभ भाई पटेल जन्म दिवस को शिक्षण कार्य स्थगित रहेगा, शिक्षक एवं छात्र विद्यालय में उपस्थित होकर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतिभाग करेंगे।

7–प्रायः जनपदों से यह शिकायतें प्राप्त हो रही है कि मण्डलीय / जनपदीय रैलियों / समारोह के बाद विद्यालय बन्द कर दिया जाता है , जो कि अनियमित है। ऐसी दशा में सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

कतिपय जनपदों मे विशेष कार्यक्रमों के कारण विद्यालयों में समय परिवर्तन करने की शिकायतें प्राप्त हो रही है। विद्यालय में पूरे समय पढ़ाई हो इसके लिये यह आवश्यक है कि विद्यालयों में समय सारिणी का निश्चित रूप से पालन किया जाय।

विद्यालय समय सारिणी के अनुसार संचालित किये जाय। अपिरिहार्य परिस्थतियों में जिलाधिकारी द्वारा घोषित अवकाश देय होगा। शासन के आदेश के अतिरिक्त किसी भी अधिकारी को विद्यालय के समय परिवर्तन अथवा अवकाश घोषित करने का अधिकार नही होगा।

उपर्युक्त आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाय तथापि किसी जनपद से उक्त शिकायतें प्राप्त होती है। तो सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

31.12.18

**श्रीमती(रूबी सिंह)**
**सचिव,**
**उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद**
**प्रयागराज।**

Scanned by CamScanner